दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

पत्रांक : /2024–25 दिनांक : 22.03.2025

प्रकाशनार्थ

दिनांक 22.03.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में **दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के अंग्रेजी विभाग के प्रो. अवनीश राय रहे।** व्याख्यान का मुख्य विषय **'इंडियन लिटरेरी ट्रेडीशनस एण्ड इंग्लिश राइटिंग इन इण्डिया'** था। उक्त शीर्षक पर मुख्य वक्ता ने पने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय साहित्यिक परम्पराओं के इतिहास और भारत में अंग्रेजी लेखन के प्रादूर्भाव को सम्यक एवं विस्तृत रूप से रेखांकित किया। प्रो. राय ने कार्यशाला में अंग्रेजी शासन काल से अद्यतन अंग्रेजी लेखन में हुये विकास को कालक्रमानुसार रचना व उसके लेखक तथा उचित प्रासंगिक दृष्टांतों के माध्यम से स्पष्ट किया, जिसमें मुख्य रूप से बंकिम चन्द चटर्जी द्वारा रचित 'राजमोहनस वाईफ' एवं तोरूदत्त, अरविन्दो द्वारा रचित साहित्य का उल्लेख किया। साथ ही साथ लार्ड मैकाले की अंग्रेजी शिक्षा नीति 1835 मिनट के विषय में भी अंग्रेजी विभाग के छात्रों को अवगत कराया।

इस अवसर पर **महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, आई.क्यू.ए.सी. के समन्वयक प्रो. परीक्षित सिंह, अंग्रेजी विभाग के प्रभारी डॉ. पीयूष कुमार सिंह एवं डॉ. कुलदीप पाण्डेय, सहायक आचार्य** सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क